**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के समस्त नागरिकों को होली के त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने संदेश में कहा है कि सामाजिक समरसता, सौहार्द व रंगोल्लास का प्रतीक यह पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। कलेक्टर ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि इस पर्व को सद्भाव से मनाएं एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 18 को

**मण्डला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार मंगलवार 18 मार्च को अपरान्ह 4 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के गोलमेज सभाकक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजनैतिक दल नामावली/निर्वाचन से संबंधित अपने सुझाव, कठिनाई अथवा अनिराकृत विषयों को विचारार्थ रख सकते हैं। राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष किन्ही कारणों से उपस्थित नहीं होने की स्थिति में अपने किसी अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में शामिल करा सकते हैं।

### म.प्र. केशरी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 21 से

**मण्डला।** जिला मुख्यालय के समीप सूरजकुण्ड धाम ग्राम सकवाह में तीन दिवसीय म.प्र. केशरी राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार 21 मार्च से शुरू हो रहे इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के ख्यातिप्राप्त पहलवान भाग लेंगे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर म.प्र. शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक निवास श्री चैनसिंह वरकड़े, विधायक बिछिया श्री नारायण सिंह पट्टा, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री प्रफुल्ल मिश्रा शामिल होंगे। नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा एवं भारतीय शैली कुश्ती संघ मंडला के प्रतिनिधि द्वारा जिला प्रशासन को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया।

## देर रात तक चला होलिका दहन का सिलसिला

# रंगों का महापर्व होली आज, बिखरेंगे रंग

*** गुलाल लगाकर एक दूसरे को दी गई शुभकामनायें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





हिन्दू त्यौहारों में होली का अपना अलग महत्व है यह पर्व अन्य सभी पर्व से हटकर है। अन्य पर्वो में जहां साधनों-संसाधनों एवं सम्पन्नता महत्वपूर्ण होती है वहीं यह पर्व ऐसा है जहां अमीर-गरीब का फर्क नजर नहीं आता। लोग आपसी मतभेद भुलाकर भी एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और गले लगकर त्यौहार की शुभकामनायें देते है।

बदलते समय के साथ-साथ अब इस पर्व में भी बहुत सी बातें बदली है पहले की अपेक्षा यह पर्व अब उन गलतियों से परे हटकर आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देते हुये स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की भी चिंता करता है।

रंगों-गुलालों से सजा यह त्यौहार अब अनावश्यक लकड़ी जलाने को लेकर भी गंभीर है ऐसे रंग-गुलाल उपयोग किये जाने लगे हैं जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हितकर है। कीचड़, गंदगी एवं अन्य अनावश्यक पदार्थो का अब उपयोग नहीं होता। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब जबरन रंग लगाने की परम्परा पीछे छूटती जा रही है हाँ यह अवश्य है कि अब पहले जैसी फाग की बैठकें नहीं होती फिल्मी गानों पर ही लोग त्यौहार मना रहे हैं।

शहर के गली-चौराहे से लेकर बड़े-बड़े बाजारों तक रंग और पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। किराना की दुकानों पर अलग-अलग किस्मों के पापड़, नमकीन और गुझिया के सामान बिकने लगे हैं। वहीं बच्चों को लुभाने के लिए बाजार में 10 रुपये से लेकर हजार रूपये तक की पिचकारी उपलब्ध है। बाजार में प्रेशर पिचकारी, स्टेनगन, स्पाइडरमैन, मिसाइल, जोकर, पिस्टल, मछली आदि बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, लेकिन इनकी महंगी कीमत गरीब लोगों पर भारी पड़ रही है।

दुकानदारों का कहना है कि रंगों के त्यौहार पर होली खेलने के लिए लाल व हरे रंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है। दुकानदारों की मानें तो ब्रांडेड कंपनियों ने लाल व हरे कलर के रंग ही मार्केट में उतारे हैं। वहीं गुलाल की पैकिंग लाल, हरे, पीले व गुलाबी कलर के पाउच में आई है। बाजारों में अबीर व गुलाल की बहार है।

### होली टोपी की मची धूम

नगर में होली टोपी की बिक्री जोरों पर है। युवा वर्ग होली टोपी की खरीददारी जोरों पर कर रहे। रंगबिरंगी होली टोपी 20 रुपये से लेकर 200 रुपये तक बाजार में बिक रही है। मुंह में लगाने वाला कार्टून मुखौटा और कई तरह के मुखौटा भी बाजार में 40 रुपये से लेकर 300 रूपये में उपलब्ध है।

### बच्चों के लिए सजे आकर्षक मुखोटे

नगर में दुकानों पर रंग, गुलाल के अलावा अनेक तरह के आकर्षक मुखौटे भी सज गए हैं। जिन्हें बच्चे होली के त्योहार पर अपने चेहरों पर सजाएंगे। जिसमें मोटू पतलू, आयरन मैन, स्पाईडर मैन के अलावा विविध तरह के कार्टूनों के चेहरे व कुत्ता, बिल्ली, शेर, चीता जैसे जानवरों के चेहरों के मुखौटे दुकानों पर उपलब्ध हैं। ये पांच से 40 रुपये 300 रूपये तक बिक रहे है।

### होलिका दहन के बारे में जानिए

होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के दिन किया जाता है। साल 2025 में होलिका दहन की तिथि 13 मार्च है। शुभ मुहूर्त रात 11.26 बजे से 12.30 बजे तक है। माना जाता है कि होलिका दहन करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सुख-समृद्धि का आगमन होता है। परिवार के सभी सदस्यों को होलिका की परिक्रमा करनी चाहिए और होलिका की राख को शरीर पर लगाने का भी महत्व है।





### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

होलिका दहन फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा के दिन किया जाता है। इस साल होलिका दहन की तिथि 13 मार्च है। होलिका दहन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो 13 मार्च गुरुवार रात्रि भद्रा समाप्ति उपरान्त 11.28 बजे से देर रात 12.30 बजे तक है। इस दौरान होलिका दहन करें। होलिका दहन का त्यौहार बुराई की अच्छाई पर जीत के प्रतीक के तौर पर मनाया जाता है। होलिका दहन के दौरान घर में सुख-संपत्ति की कामना की जाती है। मान्यता है कि होलिका दहन से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इसलिए पूरे श्रद्धा भाव से होलिका दहन किया जाना चाहिए। ध्यान रहे कि इस दौरान भद्रा नहीं होना चाहिये।

### होलिका दहन की पूजन विधि

होलिका दहन के दिन सुबह जल्दी उठकर नहा धो लें। व्रत का संकल्प लेने के बाद होलिका दहन की तैयारी करें। जिस जगह पर होलिका दहन करना हो, उस जगह को साफ कर लें।

यहां होलिका दहन की सारी सामग्री इकट्ठा कर लें। इसके बाद होलिका और प्रह्लाद की प्रतिमा बनाकर भगवान नरसिंह की पूजा करें। शुभ मुहूर्त के दौरान होलिका की पूजा करें और उसमें अग्नि दें।



इसके बाद परिवार के साथ होलिका की तीन बार परिक्रमा कर लें। फिर नरसिंह भगवान से प्रार्थना करते हुए होलिका की आग में गेहूं, चने की बालियां, जौ, गोबर के उपले आदि डालें। इसके बाद होलिका की आग में गुलाल और जल चढ़ाएं।

होलिका की आग शांत होने के बाद उसकी राख को घर ले जाएं। इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

अगर आपके घर में वास्तु दोष है तो होलिका की राख को दक्षिण पूर्व दिशा (आग्नेय कोण) में रखें। इससे घर का वास्तु दोष दूर होता है। होलिका दहन की ज्वाला देखने के बाद ही भोजन करें।

### होलिका दहन के दिन क्या करें?

होलिका दहन के दिन बच्चों को लकड़ी की तलवार बनाकर दें। उन्हें दिनभर हंसने और खेलने दें। उन्हें उत्साही सैनिक बनाएं, ताकि वे साहसी बन सकें। होलिका दहन के दिन बच्चों को अलग-अलग प्रकार के पकवान खिलाएं। उन्हें पूड़ी, खीर, मालपुआ, हलवा और कचौड़ी आदि खाने के लिए दें। इससे पूरे साल घर में सुख, शांति और समृद्धि होती है। होलिका दहन के दिन हनुमानजी की पूजा करने का महत्व बताया गया है। इससे साल भर शुभ परिणाम मिलते हैं। इसके अलावा आज पूरे परिवार के साथ चंद्रमा के दर्शन करने चाहिए। मान्यता है कि इससे अकाल मृत्यु का भय दूर होता है।

## मण्डला के विकास और प्रदेश को समृद्ध करने वाला बजट



**मण्डला।** कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बजट में मिली सौगात का जिक्र करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के बजट में मंडला जिले की ग्वारा हवाई पट्टी का विस्तारीकरण जिसमें 600 मीटर विस्तार 5000 मीटर बाउंड्री वॉल, वेटिंग हॉल ए टाइप क्वार्टर गार्ड रूम एप्रोच रोड भू अर्जन के बाद के बाद हवाई पट्टी का एक्सटेंशन करने का प्रावधान इस बजट में किया गया है। क्षेत्र की जनमांग के अनुरूप कोटा सांगवा मार्ग, मोचा= सोतिया मार्ग घुघरी में विश्रामगृह निर्माण मगरधा बोधा बांध से तिलहरी तक मार्ग निर्माण, सुर्खी से इंद्री के बीच पुल,बम्हनी ढ़ेंको मार्ग पुलिया निर्माण, टिकरिया रेस्ट हाउस तथा मोती नाला रेस्ट हाउस का रिनोवेशन सहित अन्य कार्य शामिल है। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने 4,21,032 करोड़ का बजट हर वर्ग के विकास और विश्वास का है । यह प्रदेश के विकास, समृद्धि और जनकल्याण के लिए ऐतिहासिक हैं।यह बजट प्रदेश सरकार की नीति 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना के अनुरूप समाज के हर वर्ग गरीबों, अन्नदाता, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान को समर्पित है।यह सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बजट न केवल वर्तमान की समस्त आवश्यकताओं की परिपूर्ति करता है, बल्कि विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट मोदी जी के विकसित भारत के साथ ही विकसित मध्य प्रदेश 2047 के संकल्प को प्राप्त करने की दिशा की ओर अग्रसर हो रहा है।

## एनएसएस शिविर स्थल पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



**बम्हनीबंजर।** शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रभारी डॉ.रंजीत कुमार भालेकर के संयोजन में ग्रामवासीयों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने दिनांक 10/03/2025 को जिला चलित ब्लड कलेक्शन यूनिट मंडला के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मैं 11 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। ग्राम सर्री से कुमारी शबनम बरकडे ने रक्तदान किया। शिविरार्थियों में दुष्यंत जंघेला, शांतनु चंद्रौल, दुर्गेश पंद्रे, आनंद मरावी, मोहित मरकाम, वरुण सिंगौर, आल्हा पटेल, विनय नंदा, नारायण उइके, मनीष तेकाम ने रक्तदान किया डॉ.विवेक कुमार जायसवाल, प्राचार्य डॉ.श्रीमती करूणा नेमा, श्री एस.पी.झारिया, डॉ.श्रीमती कुन्ती वराठे द्वारा सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय से डॉ.रियंका पटेल, डॉ.मनीष लांजेवार, साक्षी चन्द्रौल, विकास नन्दा एवं स्वयंसेवको का सहयोग रहा।

**कार्यशाला** | युवा कांग्रेस इंदिरा फेलोशिप के तत्वाधान में 2 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला।

# रागिनी परते ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

*** जवाहर भवन दिल्ली में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में युवा कांग्रेस इंदिरा फेलोशिप के तत्वाधान में जवाहर भवन दिल्ली में 2 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व इंदिरा फेलो मण्डला रागिनी परते के द्वारा किया गया जिसमें महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए गतिविधियों में भाग लेते हुए समाज में फैली हुई कुरीतियों का कैसे निदान करें हक और हिस्सेदारी की आधी आबादी की बात रखी गई जिसमें रागिनी परते के द्वारा साझा किया गया और बूथ स्तर पर महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रोग्राम बनाए गए वहीमंडला जिले से बेटियों के अन्य राज्यों में पलायन आर्थिक स्थिति के कारण वहीं किशोरियां बिन ब्याही माँ बन जाती है जिससे समाज में उसे हेय की दृष्टि से देखा जाता है ।महिला सशक्तिकरण के लिए। बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है। इस पर भी आगामी दिनों में मण्डला जिले में जागरूकता प्रोग्राम का समय निर्धारित किया गया। वहीं महिला वादी राजनीति को सारगर्भित करने के लिए महिलाओं की अहम भूमिका पर चर्चा और देश के सभी प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए और उसमें एक टास्क था पंचायत चुनाव को बेहतर कैसे जीते जिसमें सभी प्रदेश के प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया जिसमें मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व रागिनी परते के द्वारा की गई।और जीत हासिल कर विजेता रहीं जिसमे तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य के प्रतिभागियों द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आभार जताते हुये रागिनी ने इंदिरा फेलो शिप मध्यप्रदेश के सभी साथियों का भी हृदय से आभार जताया।



## कटंगा माल की सरपंच को दिल्ली में ISD ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मंडला जिले के बिछिया विकास खंड की ग्राम पंचायत कटंगा माल की सरपंच, पार्वती उइके को इंडियन स्कूल ऑफ डेमोक्रेसी (ISD) द्वारा महिला दिन के अवसर पर सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार उनकी पंचायत में समुदाय के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और सामने आई समस्याओं से न डरते हुए किए गए प्रयासों के कारण मिला। महिला दिवस के अवसर पर महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों का चयन किया गया था, जिसमें पार्वती जी को भारत भर से चुने गए आठ महिलाओं में शामिल किया गया।

### पार्वती जी ने पंचायत का नाम दिल्ली में किया रोशन

दिल्ली में आयोजित इस सम्मान समारोह में पार्वती ने अपनी पंचायत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पंचायत में व्यक्तिगत दावा डालने और पट्टा प्राप्त करने की प्रक्रिया में किए गए अपने योगदान के बारे में बताया। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी साझा किया कि गांव में बिजली, पानी और रास्तों की सुविधाओं को अनिवार्य मानते हुए इन समस्याओं को हल करने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। आगे आने वाले दिनों में, वे गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी प्रयास करेंगी ताकि पलायन की समस्या में कमी आ सके।



### दिल्ली वापसी पर गांव वालों ने किया पारंपरिक स्वागत

दिल्ली से सम्मान लेकर लौटने पर गांववासियों ने पार्वती जी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। गांव में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर और चावल व हल्दी लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुन्दर सिंह कुम्हरे ने पार्वती जी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यदि भविष्य में कोई मदद की आवश्यकता हो तो वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

उपसरपंच लखन सिंह पंद्रे ने पार्वती को उनके कार्यों और पुरस्कार के लिए बधाई दी। पार्वती जी ने इस अवसर पर अपने पति भादू सिंह उइके का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके समर्थन और सहयोग के कारण ही वह इस मुकाम तक पहुँच पाई हैं।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम डिंडौरी ने 4 लाख रूपए की सहायता राशि के आदेश किए जारी

**डिंडौरी** ।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के चार प्रकरणों पर कार्रवाई करते हुए 4 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक श्री कुंवर सिंह नवसिया पिता ठग्गू सिंह निवासी ग्राम वनग्राम सरई तहसील व जिला डिंडौरी की कुंए के पानी में डूबने मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान पत्नी सुकरती बाई नवसिया को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

### नगर के उत्तरी क्षेत्र मे मोहल्ला क्लीनिक खोलने कांग्रेस ने की मांग

**अनूपपुर।** कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ 13 मार्च गुरूवार को कलेक्टर को अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से 8 के मध्य मोहल्ला क्लीनिक संचालित करने के संबंध मे ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे लेख किया गया कि अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बहु प्रतिक्षित रेल्वे फ्लाई ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से निर्माण होने के कारण अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र दो भागों में विभक्त हो चुका है। जिससे उत्तरी एवं दक्षिणी भाग में शहर बट गया है। जिसके परिणाम स्वरूप व्यापारिक, सामाजिक धार्मिक एवं आर्थिक रूप से प्रभावित होने के साथ-साथ मुख्यतः स्वास्थ्य के क्षेत्र में उसके दुष्परिणाम हुए है। जिसके कारण कई ऐसे मृत्यु प्राथमिक उपचार शीघ्र ना मिलने के कारण हुए है जिस संबंध में व्यापारिक संघ के सदस्य एवं अन्य नागरिक व धार्मिक बंधुओं के द्वारा गंभीर चिंता जाहिर किया गया। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी एवं सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि गण स्वतः स्फूर्ति होकर यह मांग करते हैं कि उक्त परिस्थितियों से बचने के लिए वार्ड नंबर 1 से 8 के मध्य उत्तरी अनूपपुर क्षेत्र में एक वार्ड क्लीनिक स्थापित करके एक मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति कर ओपीडी सुविधा के साथ जिला आयुष कार्यालय में संचालित करने की मांग की जाती है ताकि कोई व्यक्ति प्राथमिक उपचार से वंचित होकर गंभीर परिस्थितियों से बच सके।

### होली पर्व पर कानून व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर ने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने होलिका दहन एवं होली (धुरेड़ी) का त्यौहार शांति, शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होली पर्व में जिले के कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उक्ताशय के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों के समन्वय से शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मैदानी भ्रमण सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने निर्देशित किया है कि आवश्यकतानुसार पटवारी तथा कोटवारों की ड्यिूटी भी थानावार लगाई जाए। उन्होंने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के निर्देश देते हुए नदी, नाले, पोखर आदि खतरनाक क्षेत्रों में लोग न जाएं, इस हेतु अमले की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि होली का रंग दूसरे व्यक्ति की सहमति से ही डाला जाए, जिससे अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

### हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

**अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार गुरूवार 13 मार्च को मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा का मूल्यांकन कार्य अपर कलेक्टर एवं प्रेक्षक दिलीप पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी शटी. आर. आर्मो, मूल्यांकन केन्द्राधिकारी अजय जैन के देखरेख में मूल्यांकन कार्य कड़ी सुरक्षा के बीच प्रारंभ हुआ। मूल्यांकन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए मूल्यांकन केंद्र पर दो सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। आज हाईस्कूल परीक्षा के हिंदी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के हिंदी एवं अंग्रेजी विषय का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया गया है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री अफजल अमानउल्लाह सहित पीएचई विभाग और जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।



**डिंडौरी :**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले में जल जीवन मिशन में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पीएचई के तहत संचालित एकल योजना और समूह योजना की प्रगति की जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जल व्यवस्था की जानकारी ली, उन्होंने विकासखंडवार जल समस्या से प्रभावित स्थलों की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर निर्बाध रूप से पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालीन योजना बनाये। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने गत वर्ष पेयजल समस्या से प्रभावित ग्रामों में किए पेयजल परिवहन के संबंध में जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि पिछले वर्ष आवश्यकता के अनुसार 32 ग्रामों में पेयजल परिवहन किया गया। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने संबंधित 32 ग्रामों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उपलब्ध जल संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने मेंहदवानी जनपद पंचायत के राखी ग्राम में पेयजल पाईपलाइन का कार्य 31 मार्च तक पूरा करने के लिए जल निगम को निर्देशित किया। संबंधित विभाग द्वारा बैठक में बताया गया कि घुसिया रैयत में पेयजल के लिए नल जल योजना संचालित है। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने आवश्यकता होने पर पेयजल परिवहन के संबंध में संबंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामवार सूची बनाकर ऐसे स्थानों को चिन्हांकित करें और जिला पंचायत एवं संबंधित एसडीएम को सूची प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का कार्य अंतिम चरण में है उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। सभी संबंधित स्थानों के लिए बेहतर कार्ययोजना के अनुसार कार्य करते हुए पेयजल प्रदाय करने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। पेयजल के संबंध में प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाएगी। पेयजल के लिए विद्युत आपूर्ति संबंधी मुद्दा होने पर विद्युत विभाग से समन्वय बनाकर त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

## रबी विपणन वर्ष 2025-26 में पंजीयन हेतु जिले में पंजीयन केंद्र एवं सुविधा केंद्र स्थापित*

**डिंडौरी** ।म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय म.प्र. भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जारी नीति के अनुसार किसान पंजीयन की समयावधि 20 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक किया जाना है। शासन द्वारा इस वर्ष समर्थन मूल्य 2600/- रुपये प्रति क्विंटल बोनस सहित निर्धारित किया गया है। एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर पंजीयन हेतु शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में निर्देशानुसार प्रति पंजीयन हेतु राशि रु. 50 से अधिक शुल्क निर्धारित है। पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटो पहचान पत्र पंजीयन के समय किसान को उपलब्ध कराना होगा तथा सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गई है। किसान पंजीयन के लिए किसान को बैंक खाता नंबर और एैब कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। जिले में सहकारी समितियों द्वारा डिंडोरी 1. (जनपद डिंडौरी), 2. सरहरी (जनपद डिंडौरी) 3. समनापुर (जनपद समनापुर), 4. चाँदरानी (जनपद समनापुर), 5. बरगांव (जनपद शहपुरा) 6. शहपुरा (जनपद शहपुरा) 7. गोरखपुर (जनपद करंजिया) 8. करंजिया (जनपद करंजिया) 9. अमरपुर (जनपद अमरपुर) 10. मेंहदवानी (जनपद मेंहदवानी) 11. शाहपुर (जनपद डिंडौरी), 12. मानिकपुर (जनपद शहपुरा) 13. बिछिया (जनपद शहपुरा), 14. सुनपुरी (जनपद बजाग), 15. परसेल (जनपद करंजिया) 16. बजाग (जनपद बजाग) 17. चांदपुर (जनपद अमरपुर) 18. निघोरी (भानपुर) 19. कुकर्रामठ 20. छांटा 21. कठोतिया को पंजीयन केंद्र बनाये गए हैं। आज तक 21 केन्द्रों पर 1589 किसानो ने पंजीयन कराया है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य 2600/- प्रति क्विंटल बोनस सहित) कर दिया गया है तथा गेहूं पंजीयन की अंतिम समयावधि 31 मार्च 2025 तक तथा चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 17 मार्च 2025 तक है। अतः समस्त किसान अपने निकटतम सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र एवं एम.पी. किसान एप पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसी के साथ पंजीयन सशुल्क व्यवस्था के तहत किसी भी एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क पर, लोक सेवा केन्द्र पर तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर अधिकतम 50/- भुगतान कर पंजीयन करवा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अंतर्गत छात्र छात्राओं के पंजीयन का कार्य जारी

**अमरपुर।**

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्र छात्राओं के पंजीयन का कार्य अनवरत रूप से जारी हैं। संस्था प्रभारी प्राचार्य संदीप सिंह एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी देवप्रकाश उईके से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय द्वारा 21 वर्ष से 24 वर्ष के मध्य के अध्ययनरत एवं ऐसे छात्र छात्राएं जोकि संस्था में पूर्व में अध्ययन कर चुके हैं। उन सभी से संपर्क कर सूचित एवं जागरूक किया जा रहा हैं। महाविद्यालय से ही उनका प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में पंजीयन कराया जा रहा हैं। ऐसे सभी छात्र छात्राएं जिन्होंने अन्य संस्थाओं में अध्ययन किया हैं या अध्ययन कर चुके हैं। यदि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए निर्धारित योग्यता को पूर्ण करते हैं। वह कार्यालय शासकीय महाविद्यालय अमरपुर से संपर्क कर सकते हैं।



## होली पर हरिभूमि की टिप्स

# होली के रंगों से ऐसे रखें अपने स्किन और बालों का ख्याल











### इस एक चीज के इस्तेमाल से मिनटों में निकल जाएगा कलर

**अनूपपुर।** होली आ रही है तो जाहिर सी बात है कि आप भी रंग गुलाल से बच नहीं सकते। आपका कोई अपना कलर लगा ही।देगा. ऐसे में सबसे ज्यादा आपको अपनी स्किन और बालों का ख्याल रखना होता है । होली में खासतौर पर कुछ महिलाओं को यह चिंता रहती है कि होली में जो कलर उन्हें लगाया जा रहा है कहीं उससे उनकी त्वचा पर कोई प्रभाव तो नहीं पड़ेगा। आज बाजार में तरह-तरह के रंग मौजूद हैं जिसमें सुखे गीले स्प्रे कलर वाले रंगों से बाजार सजा हुआ है । जिसमें कौन सा कलर त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है अंतर कर पाना मुश्किल हो जाता है । आज होली का त्यौहार है । बाजार में रौनक दिखाई देने लगी है। बाजार सज चुके हैं, रंग-गुलाल, पिचकारियों से दुकानें रंगीन हो चुकी हैं. तरह-तरह के मुखौटे दुकानों का आकर्षण बढ़ा रहे हैं। होली में तरह-तरह के रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में स्किन और बालों के लिए ये केमिकल युक्त रंग काफी हार्मफुल होते हैं। इन कलरफुल रंगों से अपने स्किन और बालों की सुरक्षा कैसे करें, किन बातों का ख्याल रखने की जरूरत है इसकी जानकारी हम दे रहे हैं।

### केमिकल युक्त रंगों के उपयोग से बचें

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर डॉक्टर आर.के. वर्मा ने कहा कि गहरे केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल न करें. आंखों में रंग चले जाने पर घरेलू उपचार न अपनाएं, डॉक्टर की सलाह लें। कॉन्टैक्ट लेंस पहनकर होली न खेलें, इससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है। होली रंगों का त्योहार है, लेकिन थोड़ी सी सावधानी बरतकर आप इसे सुरक्षित और आनंददायक बना सकते हैं, केमिकल युक्त रंगों का उपयोग न करें।

### खुजली, एलर्जी पर तुरंत लें चिकित्सकीय परामर्श

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पदस्थ डॉक्टर नैंसी पांडे का कहना है कि होली पर्व पर बाजार में विभिन्न प्रकार के केमिकल रंग आ रहे हैं। ये रंग त्वचा, चेहरे और आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन रंगों का इस्तेमाल करने के बजाय होली पर हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें। हर्बल रंग आपके चेहरे, त्वचा और आंखों को नुकसान होने से बचाएंगे। होली पर्व पर चेहरे और आंखों को सुरक्षित रखने के लिए चिकित्सक डॉक्टर नैंसी पांडे ने परामर्श दिया है। होली खेलने से पहले चेहरे और शरीर पर मॉइस्चराइजर क्रीम लगाएं। रंग खेलने से पहले नारियल या सरसों का तेल शरीर में लगा लें। होली के रंग को लंबे समय तक शरीर पर न रहने दें। रंग लगने के बाद ज्यादा समय तक धूप में न रहें। छोटे बच्चों को रंगों से दूर रखें। मुंह धोने और स्नान करने के बाद तुरंत मॉइस्चराइजर क्रीम का इस्तेमाल करें। खुजली, एलर्जी होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

### होली के लिए करें हर्बल गुलाल, कलर का इस्तेमाल

डॉक्टर कृतिका पाण्डेय से जब इस संबंध में जानकारी ली तो उनका कहना था कि होली के रंग और स्किन की सुरक्षा अक्सर देखने को मिलता है कि होली के जो रंग होते हैं वह स्किन के लिए हार्मफुल होते हैं, बालों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। मार्केट में मिलने वाले जो रंग होते हैं वो केमिकल से बने होते हैं। कई रंगों में एसिड का भी इस्तेमाल होता है. खासकर अमोनिया, नाइट्रोजन कंपाउंड हो गया, यह पर्टिकुलर हेयर और स्किन के लिए काफी हार्मफुल होते हैं। हर्बल गुलाल और कलर का इस्तेमाल करें। डॉ कृतिका पाण्डेय बताती हैं कि पहले जो गुलाल होते थे वो हर्बल चीजों से बनाए जाते थे, जैसे पलाश के फूल से और अन्य हर्बल कलर जैसे हल्दी आदि से बनाए जाते थे लेकिन पिछले कुछ समय से सभी कलर केमिकल से बनने लगे हैं. इस कंडीशन में स्किन में अब्रेशन होना, स्किन में एलर्जी होना, ये सब बड़ा कॉमन हो गया है. सबसे पहले तो कोशिश करें कि ऑर्गेनिक सर्टिफाइड हर्बल गुलाल और रंगों का इस्तेमाल करें।

### नेत्र विशेषज्ञ की चेतावनी

नेत्र रोग चिकित्सक डा.रामकेश द्विवेदी से का कहना है कि होली के रंगों में केमिकल की मात्रा अधिक होती है, जो आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है। उन्होंने बताया कि अगर सूखा रंग आंखों में चला जाए, तो उसे ठंडे पानी से धो लेना चाहिए। इस दौरान आंखों को मसलना बिल्कुल नहीं चाहिए, क्योंकि इससे रंग आंखों की पुतली में गहराई तक जा सकता है और जलन बढ़ सकता है । डा. रामकेश के अनुसार, गीले रंग ज्यादा खतरनाक होते हैं, क्योंकि उनमें केमिकल अधिक होता है, जो आंखों की सतह को नुकसान पहुंचा सकता है. यदि गीला रंग आंख में चला जाए और तेज जलन महसूस हो, तो तुरंत किसी नेत्र चिकित्सक से संपर्क करें ।

### होली खेलने के पहले चेहरे पर लगाएं नारियल तेल

डॉ पुष्पेंद्र पाठक ने बताया कि जो भी कलर मार्केट से परचेस कर रहे हैं वह केमिकल फ्री होना चाहिए मार्केट में ऑर्गेनिक गुलाल एव्लेबल होते हैं उसे ही खरीदे होली खेलते समय पक्के रंग से बचना चाहिए। जब भी होली खेले जाए तो चेहरे पर रंग खेलने के पहले फेस या बॉडी पर वैसलीन या कोई तेल जरूर लगा ले । कभी भी होली खेलने के बाद ज्यादा रन ना करें । यदि कलर कलर नहीं निकले तो घर का मक्का लिया कोकोनट ऑयल से रब करे । सन स्क्रीन लगाने के बाद ही होली खेले या धूप में जाएं । होली खेलने से पहले चेहरे पर एलोवेरा लगाना भी एक अच्छा ऑप्शन होता है एलोवेरा में एंटीबैक्टीरियल एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। जो रंगों से होने वाले नुकसान से भी बचाता है। होली खेलने के पहले चेहरे पर नारियल तेल जरूर लगा ले ना चाहिए इसे आसानी से बाद में रंग निकल जाता है और इसकी पूरी सुरक्षित हो जाती है त्वचा रफ नहीं होती है ।

### शराब के नशे में वाहन चलाने पर एक हार्वेस्टर चालक सहित तीन ट्रक चालकों पर की कार्यवाही

**अनूपपुर।** होली त्यौहार में ना हो एक भी एक्सीडेंट इसके लिए ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी रफ ड्राइविंग करने वालों पर करें अधिक से अधिक कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश शराब के नशे में वाहन चलाने तीन सवारी बैठकर रफ ड्राइविंग करने से दुर्घटनाएं घटित होती है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा होली त्यौहार के दौरान ऐसे वाहन चालकों पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं, यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कल एक हार्वेस्टर चालक सहित तीन ट्रक चालकों को चेकिंग दौरान नशे की स्थिति में वाहन चलाते पाया।

## जैतहरी व वेंकट नगर पुलिस की कार्यवाही में दो वाहनों ने उगला अवैध शराब

### एक वाहन चालक राजा देवानी गिरफ्तार, दूसरा चालक फरार

**जैतहरी।** 13 मार्च के रात्रि करीब 09 बजे मुखबिर व्दारा सूचना मिली कि दुधमनिया, पगना, अनूपपुर तरफ से दो वाहनो के चालक अवैध रूप से शराब एवं बियर लोड कर आ रहे है तब थाना जैतहरी एंव चौकी वेंकटनगर पुलिस द्वारा गोबरी रोड पर फारेस्ट आफिस के सामने सम्पूर्ण स्टाफ एवं साक्षियों के साथ नाकाबन्दी की गई तभी रात करीब 09.40 बजे उक्त किया कम्पनी की कार गोबरी तरफ से आई जिसे रोककर चालक से नाम पता पूछे जो अपना नाम दुर्गेश देवानी उर्फ राजा पिता हरीश देवानी उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्र 06 जैतहरी जिसकी कार क्र. एम.पी. 65 जेड.बी. 4095 की तलासी ली गई तो बीच वाली शीट में एक पेटी कार्टून मे 8PM अंग्रेजी शराब के 48 पाव कुल शऱाब की मात्रा 8.640 लीटर कुल कीमती 8160 रुपये तथा गाडी की डिग्गी में एक पेटी कार्टून में हैवर्डस 5000 बियर के 24 केन 04 बण्डल प्रत्येक बण्डल मे 06 केन बियर कुल मात्रा 12 लीटर कुल कीमती 4320 रुपये एवं उक्त गाडी के डिग्गी मे एक पेटी कार्टून मे पावर 10000 बियर के 24 केन 04 बण्डल में प्रत्येक बण्डल मे 06 केन कुल कीमत 3120 रुपये कुल मात्रा 11.500 लीटर , एक पेटी कार्टून पावर 10000 बियर के 24 केन 04 बण्डल मे 06 केन कै पैक मे है कुल कीमती 3120 रुपये कुल मात्रा 12 लीटर ,एक पेटी कार्टून पावर 10000 ब्राण्ड बियर के 24 केन 04 बण्डल में प्रत्येक बण्डल मे 06 केन के कुल कीमती 3120 रुपये कुल मात्रा 12 लीटर सीलबन्द ,03 बण्डल पावर 10000 ब्राण्ड बियर । प्रत्येक बण्डल मे 06 केन कुल 18 केन कुल कीमत 2340 रुपये कुल मात्रा 09 लीटर शराब पायी गई। आरोपी के कब्जे से एक पुराना सिल्वर कलर का रेडमी कम्पनी का एन्ड्राईड मोबाईल तथा अंग्रेजी शराब की मात्रा 8.640 लीटर तथा कुल बियर की मात्रा 56.5 लीटर कुल शराब एवं बियर की मात्रा 65.14 लीटर कुल कीमती 24180 रुपये एवं किया कम्पनी की कार की कुल कीमत 800000 रुपये उक्त शराब अपनी गाडी की शीट एवं डिग्गी मे रखकर विक्रय करने हेतु ले जा रहा सभी वस्तुओं को मौके पर सैम्पल निकालकर 22.10 बजे जप्त कर सीलबन्द किया गया। आरोपी दुर्गेश उर्फ राजा देवानी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया है एंव दुसरी कार का जब काफी देर तक उक्त कार नही आई तो रात्रि 01.20 बजे गोबरी तरफ रवाना हुये तो करीब 500 मीटर रामानंद राठौर के घर के सामने एक मारुती सुजकी कंपनी की रिट्ज कार क्र. एम.पी. 18 सी 3808 लावारिश हालत मे खडी थी उसका चालक एवं मालिक कोई नही था तब उक्त कार की तलासी लिया तो कार मे चाभी लगी हुई थी लाक नही था तो देखा कि उक्त कार के पीछे डिग्गी में दो खाकी कलर के कार्टून के अन्दर 08PM ब्राण्ड अंग्रेजी शराब के 48 पाव जिनमे कुल कीमत 16320 रुपये कुल शराब की मात्रा 17.28 लीटर, डिग्गी मे तीसरे नंबर के कार्टून में ब्लेन्डर प्राईड अंग्रेजी शराब के 12 बाटल कुल कीमत 16740 रुपये कुल शराब की मात्रा 9 लीटर ,चौथे नंबर के कार्टून में प्लास्टिक की शीशियों मे भरी 50 पाव देशी प्लेन शराब कुल कीमती 3500 रुपये कुल शराब की मात्रा 09 लीटर , उक्त कार की बीच वाली शीट के नीचे मे रखे पांचवे कार्टून में पावर 10000 बियर के 12 बाटल कुल कीमती 1800 रुपये कुल बियर की मात्रा 7.8 लीटर , उक्त कार के बीच वाली शीट के छठवें कार्टून मे 48 पाव मैकडावल रम अंग्रेजी शराब कुल कीमत 8160 रुपये कुल शराब की मात्रा 8.640 लीटर, उक्त कार के बीच वाली शीट के उपर सातवें नंबर के कार्टून में 48 पाव मैकडावल नंबर 1 रम कुल कीमती 8160 रुपये कुल शराब की मात्रा 8.640 लीटर उक्त कार के बीच वाली शीट के उपर रखे 08वें कार्टून के अन्दर पावर 10000 ब्राण्ड बियर के 24 केन 04 बण्डल प्रत्येक बण्डल मे 06/06 केन कुल कीमती 3120 रुपये कुल मात्रा 12 लीटर उक्त कार के बीच वाली शीट मे रखे 09वें नंबर के कार्टून के अन्दर पावर 10000 बियर के 24 केन के 04 बण्डल प्रत्येक बण्डल मे 06/06 केन कुल कीमत 3120 रुपये कुल मात्रा 12 लीटर पाई गई मौके पर उक्त शराब एवं बियर तथा घटना मे प्रयुक्त कार क्र. एम.पी. 18 सी 3808 को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया एवं जप्तसुदा शराब को सीलबन्द किया गया।

### खबर संक्षेप

#### महिला ड्रेस डिजाइनिंग प्रशिक्षण हेतु आवेदन 31 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत महिलाओं के लिए ड्रेस डिसाइनिंग एवं ब्यूटी पार्लर का 30 दिवसीय प्रशिक्षण सेंट आरसेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर द्वारा एक अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया जायेगा। इसमें एक बैच के प्रशिक्षण के लिए 35 अभ्यर्थियों के लिए सीट रहेगी। जिले की ग्रामीण महिलाओं से 31 मार्च 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। साक्षात्कार 13 मार्च से 31 मार्च तक लिये जायेंगे।

#### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन मौसम 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन का कार्य 15 मार्च से 5 मई 2025 तक किया जायेगा। इस सिलसिले में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन कार्य के सुचारू रूप से संचालन के लिए जिले में किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जन अवधि के दौरान संस्थाओं कृषकों को आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

#### 42 खाद्य नमूनों की हुई जांच लिए गये 86 सेंपल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशों के परिपालन में होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिले के निर्माता व विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की दूध एवं मावा से बनाई जाने वाली मिठाइयों, नमकीन, मावा, घी, पनीर, छेने का रसगुल्ला एवं अन्य मिठाइयों के नमूने लिये गये। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से 42 खाद्य नमूनों की त्वरित जांच कर परीक्षण किया। साथ ही 86 नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे सुरक्षित, अहानिकारक मिठाई एवं खाद्य सामग्री का विक्रय करें, अन्यथा कठोर कार्यवाही की जावेगी। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन नरसिंहपुर अमित गुप्ता ने दी है।

#### पति ने पत्नी को मारी गोली, मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज अंतर्गत आने वाले इमझिरा निवासी व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका दुर्गा बाई निवासी इमझिरा थाना स्टेशन गंज का विवाद अपने पति अशोक उइके के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया और पति ने भरमार बंदूक से पत्नी को गोली मार दी गई जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है पुलिस ने मृतिका शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा सभी दृष्टिकोण से जांच की जा रही है। परिजनों ने बताया कि दोनों पति पत्नी अपने खेत मे बने मकान मे रहते थे।

#### मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथाप्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में दिनांक 12.03.2025 को श्रीमती मनीषा बसेर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सिवनी द्वारा मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुटुम्ब न्यायालय परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में पक्षकारगणों को मध्यस्थता योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दि गई ।

### मिठाई और रंगों की हुई जमकर खरीददारी

# मचेगी धमाल, उड़ेंगे रंग-गुलाल, धुलेड़ी आज






**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** होली का त्योहार रंगों, उमंग और नई ऊर्जा का पर्व है। इसे बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। आपसी प्रेम भाईचारे व रंगोत्सव होलिका पर्व परंपरा अनुसार मनाया जाएगा। आज गुरूवार को शुभ मुहूर्त में नगर समेत आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसी के साथ पांच दिवसीय रंगोत्सव शुरू हो जाएगा।

इसके पहले दिन शुक्रवार को धुलेंडी का त्योहार मनाया जाएगा तथा रंगों का पर्व अनवरत पांच दिन तक जारी रहेगा। गुरूवार को जिले भर में जमकर मिठाईयों और रंग गुलाल की खरीददारी की गई। रंगों का भरा त्यौहार धुरेड़ी आज है और आज जिले की फिजा में रंग गुलाल उड़ता नजर आयेगा। इसके पूर्व गली मोहल्लों में सजी रंग गुलाल और पिचकारियों की दुकानों में जमकर ग्राहकों की उपस्थिति दर्ज की गई। बच्चों के लिए कार्टून समेत फिल्मी कैरेक्टर्स से सजी पिचकारियां आकर्षण का केन्द्र रहीं।



#### निभाई जायेंगी परंपरायें

जिले में धुरेड़ी का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया जाता है। रंग गुलाल खेलने में पहले लोग ऐसे घरों में जाते हैं जहां शोक का अवसर होता है। शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचकर लोग आपसी संवेदनाएं बांटते हैं और दुख के क्षणों में भागीदार होते हैं और उसके बाद शुरू होता है देर रात तक चलने वाला रंगों का दौर। वहीं धुरेड़ी के पूर्व बाजार में खोबे और मिठाईयों की भारी मांग देखी गई। रंग गुलाल समेत मिठाईयों के दाम भी बीते साल की अपेक्षा काफी बढ़े हुये हैं। फिर भी आमजनों के उत्साह के आगे मंहगाई हावी होती दिखाई नहीं दे रही है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की दृष्टि से प्रशासन भी पूरी तरह चैकस है। वैसे भी जिले का इतिहास शांतिपूर्वक होली मनाने का रहा है। फिर भी प्रशासन अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।



#### शांति व्यवस्था बनाने पुलिस रखेगी पैनी नजर

वहीं नगर में होली पर्व को लेकर पिछले दिनों पुलिस प्रशासन एवं शांति समिति की बैठक रखी गई थी। जिसमें पुलिस कप्तान द्वारा जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए थे। जिसके चलते नगर में पुलिस टीम द्वारा नगर भ्रमण कर संदिग्धों पर पैनी नजर बनाए हुए है। जगह-जगह चेकिंग प्वाइंट बनाये गए हैं। जिनमें बाहर से आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा वाहनों की चेकिंग भी नगर के विभिन्न चौराहों पर की जा रही है। होली पर्व पर शहर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है। धारा 144 पूर्व से लागू है। हुड़दंग करने वाले व लोगों को जबरन रंग लगाने वाले लोगों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई होगी।

#### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई होली

होली रंगों का त्यौहार है साथ ही मेल मिलाप का भी ।हर रंग हमें बाहरी रूप से ही नहीं आंतरिक रूप से भी सशक्त और आत्मनिर्भर बनते हैं। दिव्यांग बच्चे जो हमारे समाज का ऐसा हिस्सा है जिन्हें विशेष देखभाल की जरूरत होती है लीनेस क्लब संस्कार ने इन बच्चों के पास जाकर उनके साथ होली पर्व मनाया, उन्हें गुलाल, रंग पिचकारी एवं टोपियां प्रदान की स्वल्पाहार फल बिस्किट वितरित करके उनके साथ होली खेली एवं गीत गाए। इससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर अध्यक्ष लीनेस ज्योति तिवारी, सचिव मनीषा पुरोहित, कोषाध्यक्ष ज्योति पचोरी एवं नीता शर्मा सुमन शर्मा, रचना त्रिवेदी, वत्सला त्रिवेदी, बलजीत कौर कुसुम राजपूत, नंदिता चैबे सुषमा मिश्रा, ममता गुप्ता, मनीषा टंडन, शालू भाटिया का स्कूल संचालक आनंद दुबे राजमणि दुबे और समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## हत्या और मारपीट के आरोपी को सजा

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आलोक मिश्रा के द्वारा हत्या करने वाले आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू पटेल उम्र 31 वर्ष निवासी गहलबाडा थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर को भादवि की धारा 294 में 3 माह कारावास, भादवि की धारा 302 सहपठित धारा 3(2)(आर) एससी एसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये का अर्थदंड, भादवि की धारा 326 सहपठित धारा 3(2)(ट) एससी एसटी एक्ट में आजीवन कारावास सहपठित अपराध के आलोक में 1000 रुपये अर्थदंड, भादवि की धारा 324 में 1 वर्ष का कारावास, धारा 3(1)(त) एससी एसटी एक्ट में 1 वर्ष के कारावास व 100 रुपये अर्थदंड और धारा 3(1)(आर) एससी एसटी एक्ट में 1 वर्ष का कारावास व 100 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी एसडीपीओ इंद्रमणि गुप्ता द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू पटेल उम्र 31 वर्ष निवासी गहलबाडा थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर को भादवि की धारा 294 में 3 माह कारावास, भादवि की धारा 302 सहपठित धारा 3(2)(ट) एससी एसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये का अर्थदंड, भादवि की धारा 326 सहपठित धारा 3(2)(ट) एससी एसटी एक्ट में आजीवन कारावास सहपठित अपराध के आलोक में 1000 रुपये अर्थदंड, भादवि की धारा 324 में 1 वर्ष का कारावास, धारा 3(1)(त) एससी एसटी एक्ट में 1 वर्ष के कारावास व 100 रुपये अर्थदंड और धारा 3(1)(आर) एससी एसटी एक्ट में 1 वर्ष का कारावास व 100 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## मातृशक्ति के शौर्य पराक्रम की बताई महिमा




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ ही महिला सशक्तिकरण पखवाड़े का शुभारंभ हो जाता और कही नारी को उसकी उपलब्धियों के लिए सराहा व सम्मानित किया जाता तो कही उसके स्वास्थ्य को लेकर उसे जागरूक किया जाता है। काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की संचालिकाओं सुश्री इंदु सिंह एवं नमिता जनोरिया ने नारीशक्ति की महिमा और शौर्य का अपने अलग तरीके से बखान करते हुए अनूठा प्रदर्शन किया। जिसमें सक्रिय वरिष्ठ मातृशक्तियों ने स्त्री के गरिमामय आंचल या पल्लू के विविध उपयोग बताते हुए एक नृत्य नाटिका के द्वारा अपनी अनोखी नृत्य शैली व भावभंगिमा से कभी पल्लू लहराकर तो कभी सर पर रखकर उसकी उपयोगिता बताई जिसका लेखन व सूत्रधार रही श्रीमती ज्योति चैहान तो नृत्य निर्देशन कोरियोग्राफर नमिता जनोरिया ने किया व श्रीमती संध्या साहू, कुसुम साहू, सुनीता हीरानी, कल्पना भाटी, रमा पटेल, सुषमा तिवारी, अमिता ओसवाल ने सहभागिता देकर इसे सफल बना दिया। महिलाओं के युद्ध कौशल व तलवारबाजी के हुनर को दिखाने के लिए अपने हाथ में तलवार लेकर रचना त्रिवेदी, प्रियंका शर्मा, श्वेता जैन, पूजा साहू, पारुल जैन, स्वाति सिंह, जया विश्वकर्मा, संगीता राम, स्नेहा जैन, अंजली, प्रियंका आदि ने ओजपूर्ण ढंग से तलवार रास किया। प्राचीनकाल से लेकर आधुनिक युग तक नारियों ने अपनी प्रतिभा, सौंदर्य, ज्ञान और विवेक से अलग-अलग क्षेत्रों में जो भी कीर्तिमान स्थापित किये उनका नारी सशक्तिकरण कव्वाली के माध्यम आरती सिंह, उर्वशी पाठक, कीर्ति पालीवाल, सीमा नामदेव, अनामिका धाकड़, राजकुमारी अहिरवार, निधि गुप्ता, श्रद्धा नेमा, कृष्णकांत चैधरी, प्रीति पटेरिया, रानू श्रीवास्तव, मीना शर्मा, नीना सिंह आदि ने बखान किया।

## पुलिस ने गुमे मोबाइल धारकों को किये वापिस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस द्वारा मोबाईल धारकों के मोबाइल गुम होने के प्राप्त आवेदनों एवं सूचना पर गंभीरता से कार्यवाही करते हुये साइबर सेल के अधिकारी एवं कर्मचारियों की विशेष टीम गठित की जाकर गुम मोबाईलों के तलाश एवं पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया था। साइबर सेल की गठित टीम द्वारा तकनीकी माध्यमों से गुम मोबाइलों की पतासाजी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप लगभग 22 लाख मूल्य के 110 गुम मोबाईल बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है। उक्त गुम मोबाइल को विभिन्न स्थानों से बरामद किया गया है। उक्त मोबाइल की बरामदगी हेतु भी विशेष टीमों का गठन किया गया था। उक्त सभी बरामद 110 मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया, उप पुलिस अधीक्षक, श्रीमती सचि पाठक के निर्देशन में साइबर पुलिस टीम द्वारा संबंधित मोबाईल धारकों को सौपे गये है। मोबाईल धारको द्वारा उनके गुम मोबाइल वापस मिलने पर उनके चेहरे खुशी से खिल गए एवं उनके द्वारा पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया जाकर पुलिस

## पंपलेट बांटकर बताये नशे के दुष्परिणाम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** किसी प्रकार के नशे से घर परिवार बर्बाद होता है और व्यक्ति शारीरिक मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। उक्त बात होली पर्व को लेकर पिछले तीन दिनों से श्याम किशोर सेवा समिति के अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश विश्वकर्मा ने विभिन्न स्थान पर पंपलेट वितरित करते हुए कही। नशा मुक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित करते हुए श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जरूरत है कि हम सब होली पर भाईचारे के साथ शांति सद्भावना और हर्षोल्लाह के साथ मनाएं। किंतु हमें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना है। वही इस दौरान अनेक लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे नशे का त्याग करेंगे।



## गुटोरी सब स्टेशन में चल रही आंख मिचौली

#### उपभोक्ता परेशान

**तेंदूखेड़ा । डोभी विद्युत सब स्टेशन से संचालित गुटोरी सब स्टेशन की अजीबो गरीब स्थिति बनी हुई है कारण यह है कि बिजली सप्लाई पलोहा से होती है और मेंटीनेंस डोभी से पलोहा वाले 33 थ्री बगैर किसी सूचना के जब चाहे बंद कर देते हैं। जबकि उसी स्टेशन से जुड़े सभी फीडर बिना कटौती के बेरोकटोक चल रहे हैं ।**

गुटोरी की लाइन फॉल्ट दिखाकर जब तब दिन में रात में बंद हो जाती है। ऊपर से परमिट के नाम पर बिजली बंद रहती है मिनिटों के काम में घंटों लगाते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि अधिकारी भी ग्रुप से जुड़े हैं उन्हें भी वस्तुस्थिति का पता है फिर भी स्थिति में किसी भी प्रकार का कोई सुधार नहीं हो पा रहा है।इस समय गर्मी की फसल बुआई और गन्ने के लिए लगातार पानी की जरूरत है जिस कड़ाई से बिल बसूली पर नजर है उसी कड़ाई से बिजली सप्लाई में सुधार की अपेक्षा है ।

## विजय अभियान के तहत युवाओं को अपराधों से रोक कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास

**तेंदूखेड़ा।** गलत संगत के कारण अपराध के दुष्चक्र में फंसे 18 से 30 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोडने उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने हेतु प्रथम नरसिंहपुर पुलिस ने विजय अभियान की शुरुआत की है। तथा एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। नरसिंहपुर पुलिस की पहल पर विजय अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के (18-30 वर्ष) के ऐसे युवा है जो गलत संगत के कारण अपराध के दुष्चक्र में फंस जाते हैं। जिसके कारण उन पर प्रकरण दर्ज हो जाते है। जिनके प्रकरणों का न्यायालय से निर्णय हो चुका एवं जो जेल से रिहा हो चुके हैं। उनको समाज की मुख्य धारा से जुडने में काफी कठनाईयों का सामना करना पड़ता है।उनका हमेशा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से संपर्क रहता है जिसके कारण उनको रोजगार से प्राप्त करने में कठनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे युवाओं को अपराध के दुष्चक्र से रिहा करने का प्रयास करते हुए समाज की मुख्य धारा से जोडने हेतु प्रशिक्षित करना और उन्हें रोजगार योग्य कौशल प्रदान करना है।साथ ही रोजगार और उद्यमिता के अवसरों तक पहुँच प्रदान करना है। 10 मार्च से पुलिस कंट्रोल रूम नरसिंहपुर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया ।जिसमें अनुभाग गाडरवारा एवं तेन्दूखेडा के प्रतिभागियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। इस विषय अभियान को सफल बनाने अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मधुर पटैरिया के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक बलबीर सिंह चौधरी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं ग्राम के सरपंचों जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर जानकारी साझा की जा रही है।